## अब कुछ करें

**गोला ( ◯ ) लगाकर सही उत्तर बताइए–**

- गेंद, बल्ला और बड़ा पार्क किसके नाम हैं? वस्तु और स्थान के / वस्तु
- खुशी क्या है? एक विचार / मन का भाव
- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को क्या कहते हैं? संज्ञा / वर्ण

## अब कुछ करें

**गोला (◯) लगाकर सही उत्तर बताइए–**

- छतरी और मोबाइल किसके नाम हैं? — भावों के/वस्तुओं के
- इंडिया गेट और कुतुबमीनार क्या हैं? — स्थान/वस्तुएँ
- लड्डू खाने पर कैसा भाव होता है? — गुस्से का/मिठास का
- बिल्ली और तोता किसके नाम हैं? — व्यक्तियों के/पशु-पक्षियों के

**नाना जी ने कुछ ये नाम भी बताए–**

दिनों के नाम – रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार।

महीनों के नाम – जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर।

## हमने समझा

✤ हर दिन और हर महीने को भी हम उनके नाम से जानते हैं।

## अब कुछ करें

**सही नाम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**


- बृहस्पतिवार से पहले बुधवार आता है। (शनिवार/बुधवार)
- रविवार के बाद आप स्कूल में सोमवार को जाते हैं। (बुधवार/सोमवार)
- शुक्रवार के बाद शनिवार का दिन आता है। (रविवार/शनिवार)
- साल का पहला महीना जनवरी होता है। (जनवरी/दिसंबर)

**नाना जी ने कुछ ये नाम भी बताए–**

मौसम के नाम – सरदी, गरमी, बरसात

पहाड़ों के नाम – हिमालय, अरावली, विंध्याचल

नदियों के नाम – यमुना, गंगा, कावेरी



अध्यापन संकेत: छात्रों को बताएँ कि सप्ताह का पहला दिन रविवार है, परंतु कुछ लोग सोमवार को सप्ताह का पहला दिन मानते हैं।

## अभ्यास-कार्य

1. व्यक्तियों के नाम पर सही का निशान (✓) लगाइए–

- [ ] छतरी
- [ ] कुतुबमीनार
- [x] दीपक
- [x] गांधी जी
- [x] राम
- [ ] बस्ता
- [x] सीता
- [ ] अलमारी

2. दिए गए नामों में से पशु-पक्षियों के नाम छाँटकर लिखिए–

मिठास  शेर  मोर  मोहन  गिलास  कौआ  दुख  हाथी  तोता

शेर ........ मोर ........ कौआ ........ हाथी ........ तोता

3. सही मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) महीने का नाम | (i) गंगा (घ) |
| (ख) दिन का नाम | (ii) हिमालय (ग) |
| (ग) पहाड़ का नाम | (iii) मई (क) |
| (घ) नदी का नाम | (iv) सरदी (ङ) |
| (ङ) मौसम का नाम | (v) रविवार (ख) |

4. अब ये लिखकर बताइए–

(क) अपनी कक्षा के दो बच्चों के नाम दीपक ........ यश

(ख) अपने बस्ते में रखी दो वस्तुओं के नाम किताब ........ पेंसिल

(ग) अपनी कक्षा में दिख रही दो वस्तुओं के नाम बैग ........ मेज़

(घ) किन्हीं दो महीनों के नाम मई ........ जून

5. दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके नाम लिखिए–



बस्ता



कलम




जूते



बस



हँसी



अंगूर



दुखी



खुशी